Need to take better precautionary measures by the Company working on NH-23 from Ranchi to Gumla

श्री सुखदेव भगत (लोहरदगा) **:** महोदया, झारखंड की राजधानी राँची से गुमला को जोड़ने वाली एनएच-23 पर आर.के.डी. कम्पनी काम कर रही है । वहां दो माइनर बच्चे, जो 17 साल के बच्चे थे, वहां उन दोनों बच्चों की मिक्सचर मशीन में मृत्यु हो गयी । उस कंपनी पर माइनिंग सेक्टर में पेनेल्टी भी लगायी गयी । इसके साथ-साथ एनएचएआई की जो गाइडलाइन्स है, उसके अनुसार न ही वहां पर पेड़ लगाए गए, न ही तालाब खोदे गए ।

महोदया, आपके माध्यम से मेरा अनुरोध है कि समुचित कार्रवाई की जाए, ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो ।